सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान


www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 9 अंक : 98 | इंदौर, शनिवार 14 अक्टूबर, 2023 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए


## Headline

1. Israel Hamas War: लेबनान में मिसाइल के हमले में पत्रकार की मौत, छह अन्य घायल, इस्राइल पर लगे आरोप

2. यूपी: बिजली दर बढ़ाने पर आमादा पावर कॉर्पोरेशन, प्रदेश में 30 से 35 फीसदी महंगी हो सकती है बिजली



# शक्ति, भक्ति और सख्ती आयोजन में हुआ प्रशासन और गरबा संचालकों के मध्य सार्थक संवाद

## मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए गरबा आयोजनों में ईनामी प्रतियोगिता

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। आचार संहिता के साथ शहर के ऐतिहासिक नवदुर्गा महोत्सव के उत्साह में कोई कमी नहीं आएगी। शहर के गरबा महोत्सव के आयोजकों से अपील है कि वे अपने आयोजनों के माध्यम से मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए प्रोत्साहन का हर संभव प्रयास करें। ऐसे सृजनशील अपील-प्रयासों को स्वीप प्लान के तहत जिला प्रशासन नकद पुरस्कार प्रदान करेगा।**

स्टेट प्रेस क्लब, मध्यप्रदेश के आयोजन ह्यशक्ति, भक्ति और सख्ती में मुख्य अतिथि जिला कलेक्टर डॉ. इलैयाराजा टी ने शहर के गरबा संचालकों और दर्शकों के लिए मतदान बढ़ाने की अपील के साथ प्रतियोगिता की घोषणा की। इस प्रतियोगिता में अनूठे ढंग से मतदान प्रतिशत बढ़ाने की अपील करने वाले गरबा मंडलों को प्रथम पुरस्कार में 51 हजार रुपए, द्वितीय पुरस्कार 31 हजार रुपए तथा तृतीय पुरस्कार 21 हजार रुपए और प्रशस्ति पत्र दिए जाएंगे। प्रोत्साहन पुरस्कार के रूप में 11-11 हजार रुपए की राशि प्रदान की जाएगी। गरबा पंडाल में आने वाले दर्शकों द्वारा किए जाने वाले मतदान बढ़ाने के प्रयास को भी पुरस्कृत किया जाएगा।

विशेष अतिथि वरिष्ठ अभिभाषक श्रीमती जूही भार्गव ने गरबा संचालकों से अपील की कि वे सुनिश्चित करें कि गरबा पांडाल में कोई भी नशा करके प्रवेश न कर पाए, इसके लिए ब्रेथ एनालाइजर भी प्रवेश द्वार पर लगाए जाए। सहायक पुलिस आयुक्त सुश्री सोनू डाबर ने कहा कि शहर के गरबा महोत्सव ने देशभर में अपनी पहचान स्थापित कर ली है तथा शहर का यह गौरव निरंतर आगे ही बढ़ना चाहिए। इनका कार्यक्रम के प्रारंभ में अतिथियों का स्वागत प्रवीण कुमार खारीवाल, नवनीत शुक्ला, आकाश चौकसे, विवानसिंह राजपूत ने किया। कार्यक्रम का संचालन आलोक वाजपेयी ने किया। रवि चावला, सुदेश गुप्ता एवं प्रवीण धनोतिया ने स्मृति चिह्न भेंट किया। अंत में मोहनलाल मंत्री ने आभार व्यक्त किया।

## जब महापौर ने आचार संहिता में अपना कार्यालय खुलवाया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। आमतौर पर नगर निगम, विधानसभा और लोकसभा चुनाव के दौरान आदर्श आचार संहिता का पालन करते हुए नगर निगम अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा महापौर और सभी एमआईसी सदस्यों से सभी तरह की सुविधाएं वापस ले ली जाती हैं। इसी के तहत आचार संहिता लगने के बाद निगम परिसर में स्थित महापौर के कार्यालय में ताला लगा दिया जाता है और उनके नाम पट्टिका ढक दी जाती है। इस बार भी नगर निगम के परिषद कार्यालय के अधिकारियों द्वारा महापौर के कार्यालय पर ताला लगा दिया गया था और उनके नाम की बाहर लगी पट्टिका अखबारों के कागज से ढक दी गई थी । इसी तरह एमआईसी सदस्यों के कार्यालयों पर भी ताला लगाकर उनके नाम पर पट्टिका ढक दी गई थी। बताया जाता है कि निगम अधिकारियों की इस कार्यवाही पर महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव ने जमकर नाराजगी व्यक्त की। महापौर ने कहा कि आदर्श आचार संहिता में महापौर का कार्यालय बंद करने और नाम पट्टिका को ढकने का कहीं उल्लेख नहीं है। महापौर का पद संवैधानिक पद है इसलिए इस तरह की कार्यवाही उचित नहीं है। महापौर ने निगम सचिव को अपना कार्यालय खोलने और नाम पट्टिका पर चिपकाए गए कागजों को हटाने के निर्देश दिए। बताया जाता है कि महापौर की नाराजगी के बाद आनन फानन में निगम अधिकारियों ने गुरुवार शाम उनके कार्यालय का ताला खोल दिया और नाम पट्टिका पर चिपकाए गए कागजों को भी हटा दिया। इसका वीडियो बनाकर महापौर को भेजा गया। वहीं दूसरी ओर उच्च प्रशासनिक सूत्रों ने भी बताया कि आदर्श आचार संहिता में महापौर से सुविधाएं वापस लेने के बारे में कोई उल्लेख नहीं है।

## संजीदा गीतों में झलका किशोरदा का चिंतन

### ◆ श्रोताओं की रुचि परिष्कृत कर गयाअभिरुचि के बैनर तले हुआ यादगार आयोजन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। किशोर कुमार, जैसे कलाकार बार-बार नहीं आते। इसलिए उनके बारे में कहा जाता है ..... न भूतो न भविष्यति। बेशक, बेमिसाल गायक के साथ-साथ वो बहुत उम्दा अदाकार भी थे लेकिन उनके फानी दुनिया से कूच करने के बाद अब अगर कहीं उनका जिक्र होता है तो सबसे पहले जेहन में उनके गाये लाजवाब गीत ही आते हैं।

कल रात कुछ ऐसे ही धीर-गंभीर और बेहद सुरीले गीतों की सौगात संस्था अभिरुचि के बैनर तले लाभ मंडपम ऑडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम संजीदा किशोर में पेश की गई। जिनमें से कई में किशोरदा का जीवन के प्रति निजी चिंतन भी झलक रहा था। उनकी पुण्यतिथि की पूर्वसंध्या पर आयोजित इस बेहद खास कार्यक्रम में मुख्य गायक फेमस प्लेबैक सिंगर रॉकस्टार चिंतन बाकीवाला ने किशोरदा के नायाब गीतों की ऐसी लड़ियाँ पिरोई कि सुधि श्रोता कभी उनके सुर से सुर मिलाते नजर आए तो कभी अपनी पनीली पलकें पोछते नजर आए।

किशोरदा के पर्याय बन चुके अद्भुत कलाकार चिंतन का साथ तेरे बिना जिंदगी से कोई शिकवा तो नहीं, तेरे बिना जिंदगी भी लेकिन जिंदगी तो नहीं, सारा प्यार तुम्हारा मैंने बांध लिया है आँचल में और ह्लहजार राहें मुड़ के देखीं कहीं से कोई सदा न आइ जैसे युगल गीतों में संध्या दवे,मंजू रावत, प्रज्ञा और ज्योति शर्मा ने बखूबी निभाया।

## उप-डाकघर जिला कोर्ट, इन्दौर में काउंटर और कर्मचारी बढ़ाने की मांग

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। इन्दौर अभिभाषक संघ के अध्यक्ष गोपाल कचोलिया ने बताया है कि संभागायुक्त कार्यालय परिसर इन्दौर में स्थित इन्दौर जिला कोर्ट उप-डाकघर में एक काउंटर और कर्मचारी की कमी के कारण सभी लोगों को अनेक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जिला न्यायालय इन्दौर और आसपास के सभी लोग रजिस्ट्री व अन्य कार्य हेतु इस उप - डाकघर में आते है लेकिन एक अतिरिक्त काउंटर और कर्मचारी की कमी के कारण अपना अमूल्य समय अपनी बारी आने के इंतजार में बेवजह नष्ट करने के लिए मजबूर होते है।**

इसी प्रकार उप- डाकघर में कार्य का समय वर्तमान में केवल प्रातः 10:00 से 04:00 तक का है। जबकि कोर्ट का समय शाम 05:30 बजे तक का है। शाम 04:00 बजे बाद रजिस्ट्री का काम बन्द हो जाने के कारण रजिस्ट्री के लिए वकीलों और पक्षकारों को अन्य डाकघरों में जाना पड़ता है, जिससे बेवजह उनका समय और धन नष्ट होता है।

गोपाल कचोलिया ने प्रवर अधीक्षक डाकघर, इन्दौर नगर मण्डल,इन्दौर, मध्यप्रदेश से मांग की है कि इन्दौर जिला कोर्ट उप-डाकघर का समय कोर्ट समय अनुसार शाम 05: 30 बजे तक किया जाये। उप- डाकघर में एक नवीन काउंटर की व्यवस्था और कर्मचारी की नियुक्ति की जाए ताकि वकीलों और पक्षकारों को अनावश्यक परेशानियों का सामना ना करना पड़े।

## तीन दिवसीय औद्योगिक एवं इंजीनियरिंग एक्सपो का उद्घाटन

**इंदौर**। इंदौर इंफोलाइन प्रा. लिमिटेड द्वारा आयोजित तीन दिवसीय औद्योगिक एवं इंजीनियरिंग एक्सपो (इंडेक्सपो) का उद्घाटन आज अर्बन हाट ग्राउंड इंदौर में, मुख्य अतिथि राजेश कुमार मिश्रा, अध्यक्ष लघु उद्योग भारती मध्य प्रदेश, महेश गुप्ता, विकाश गुप्ता, मुकेश रॉय और आर.के.अग्रवाल, एमडी इंदौर इंफोलाइन प्रा. लिमिटेड के द्वारा किया गया मुंबई, पुणे, नागपुर, दिल्ली, भोपाल, इंदौर से आए अस्सी से अधिक प्रतिभागी भाग ले रहे हैं और औद्योगिक स्वचालन, सौर ऊर्जा और कई अन्य औद्योगिक उत्पादों के लिए अपने अत्याधुनिक उत्पादों का प्रदर्शन कर रहे हैं। प्रदर्शनी प्रतिदिन 11-7 बजे तक खुली है और प्रवेश नि:शुल्क है।

## कटाक्ष




## जागरूकता ही सायबर अपराधों से बचने का माध्यम है : डॉ. वरूण कपूर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। डॉ. वरूण कपूर-अतिरिक्त पुलिस महानिदेषक द्वारा ब्लेक रिबन इनोवेटिव समाधान अभियान के तहत 637वीं कार्यषाला राजा रमन्ना सेंटर फार एडवांस टेक्नोलॉजी, इंदौरके सभागार में सायबर अपराधों के प्रति सतर्क एवं जागरूक करने के लिये प्रषिक्षित किया गया । इस कार्यषाला में संस्थान के 291 अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण सम्मिलित हुये। कार्यषाला में मुख्य रूप से संस्थान के डायरेक्टर डॉ. शकर वी. नाखे, स्टाफ क्लब के अध्यक्ष श्री गोविन्द परचानी सचिव डॉ. गुरूविन्दरजीत सिंह, इंचार्ज सुरक्षा श्री एस.बी. मानेरकर एवं सीआईएसएफ के उप सेनानी श्री विकास पाण्डेय उपस्थित रहे । कार्यषाला के प्रारंभ में प्रगत प्रौद्योगिकी संस्थान के स्टाफ क्लब के अध्यक्ष श्री गोविन्द परचानी द्वारा डॉ. वरूण कपूर को प्लांट भेट कर स्वागत किया गया । डॉ. कपूर ने कार्यषाला में संबोधित करते हुये बताया कि कम्प्यूटर/लेपटॉप एवं स्मार्ट फोन से सूचना प्रौद्योगिकी का उपयोग सूचनाओं के आदान प्रदान एवं संग्रह, वित्तीय/वाणिज्य एवं व्यापार, षिक्षा, सुरक्षा, डिजाइन, वैज्ञानिक शोध इत्यादि क्षेत्र में किया जा रहा है । सोषल मीडिया फेसबुक, व्हाटसअप, इंस्टाग्राम, लिंक्डइन, यू-ट्यूब, स्नेपचेट, टिकटॉक प्लेटफार्म के माध्यम प्रत्येक व्यक्ति की एक दूसरे तक पहूँच हो गई है । इस प्रौद्योगिकी ने हमारे दैनिक कार्यो को आसान बना दिया है वहीं अपराधियों के लिये यह प्रौद्योगिकी वरदान से कम नहीं है । सायबर अपराधी नये-नये तरीकों से घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं । महिलायें एवं बच्चें सायबर अपराधियों के आसान षिकार होते हैं क्योंकि उन्हें अच्छे-बुरे का अन्तर करना नहीं आता । सायबर अपराध का खतरा दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है । सायबर अपराधों को नियंत्रित करने का सबसे सषक्त माध्यम-जागरूकता है । कार्यषाला के अंत श्री संस्थान के डायरेक्टर डॉ. शंकर वी. नाखे द्वारा डॉ. वरूण कपूर को प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह भेट किया गया । कार्यषाला को सफल बनाने में निरीक्षक श्रीमती पूनम राठौर व उनकी टीम के सदस्यों का महत्वपूर्ण योगदान रहा ।

# रूकने वालों की जानकारी पुलिस को तत्काल दें

## अधिकारियों ने ली होटल-लाज मैनेजर-मालिकों की बैठक

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इन्दौर। अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण तथा शहर में सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ बनाने के उद्देश्य से शहर की होटल-लॉज आदि में बाहर से आने वाले अतिथियों की जानकारी व्यवस्थित रूप से रखने एवं नियमित रूप से उक्त जानकारी पुलिस के अतिथि पोर्टल पर देने हेतु शहर के होटल-लॉज के मालिक-मैनेजर तथा इनमें कार्यरत् अधिकारियों की एक बैठक शुक्रवार को पुलिस के रीगल चौराहा स्थित कार्यालय के सभागार में आयोजित की गयी।**

बैठक में पुलिस उपायुक्त हंसराज सिंह एवं अति पुलिस उपायुक्त, प्रमोद सोनकर मार्गदर्शन में सहायक पुलिस आयुक्त अनिल कुमार मंडराह की उपस्थिति में होटल-लॉज के मालिक-मैनेजर तथा इनमें कार्यरत् संबंधित पदाधिकारीगण स मिलित हुए। इस दौरान सहायक पुलिस आयुक्त द्वारा बैठक में उपस्थित सभी लोगों को कहा कि इंदौर प्रदेश की व्यवसायिक राजधानी होने व देश का एक महत्वपूर्ण शहर होने के कारण प्रदेश एवं प्रदेश के बाहर से काफी सं या मे लोग नौकरी, शिक्षा एवं व्यवसाय के लिए तो शहर मे आते ही है तथा बड़ी सं या में विदेशी नागरिक भी आते हैं जो कि अस्थाई रूप से विभिन्न होटलों-लॉज आदि में रूकते है। अतः शहर की सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए शहर में बाहर से आकर रहने वाले इस प्रकार के लोगों की जानकारी अत्यंत महत्वपूर्ण है। ये जानकारी आप लोग आसानी से आज के डिजिटल युग में हमें ऑनलाईन ही उपलब्ध करवा सकेंए इसी को ध्यान में रखते हुए पुलिस का अतिथि पोर्टल बनाया गया हैं और पूर्व में भी इसके संबंध में बैठके लेकर जानकारी दी गई है लेकिन जागरूकता और रुचि के अभाव में उतना अच्छा प्रतिसाद नहीं मिल पा रहा है।

उक्त पोर्टल पर सभी होटल-लॉज आदि अपनी कुछ बेसिक जानकारी देकर होटल का रजिस्ट्रेशन करें और आगंतुकों का डेटा भी इस पर डालें जिससे आगंतुकों का डेटा डिजिटल फार्म में संग्रहित रहे और आवश्यता पढने पर पुलिस द्वारा भी वह जानकारी वेबसाइट से ली जा सकेगी और आप लोगों को उसे बार-बार थाने जाकर जानकारी भी नहीं देनी पडेगी। अतिथि पोर्टल पर किस प्रकार रजिस्ट्रेशन करें तथा जानकारी किस प्रकार अपलोड करें आदि के संबंध में प्रजेन्टेशन के माध्यम से सारी प्रक्रिया को पुलिस टीम द्वारा विस्तृत रूप से समझाया गया। बैठक में आएं होटल-लॉज के पदाधिकारियों द्वारा पुलिस की इस कार्यवाही के तहत शहर की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए, पूरी तरह से सहयोग करने का आश्वासन दिया गया।

# नकली नोटकांड-दो आरोपियों का बढ़ाया रिमांड

## ◆तीन आरोपियों को उज्जैन पुलिस के हवाले किया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। लाखों रुपए नकली नोट के मामले में पुलिस द्वारा लगातार जांच करते हुए जहां आरोपियों से पूछताछ के आधार पर आगे की कार्रवाई कर अन्य आरोपियों को पकड़ जा रहा है, वहीं इस मामले की लिंक खंगाली जा रही है। माना जा रहा है कई और लोग भी गिरफ्त में आएंगे। उधर, गुरुवार को उज्जैन के नीलगंगा निवासी हिमांशु को पकड़ा था। उसने अपने साथियों के साथ रुपए खपाने की बात कबूली थी। आरोपी के बयान के बाद अन्नपूर्णा पुलिस द्वारा पूर्व में पकड़े गए तीन आरोपियों को नीलगंगा पुलिस पूछताछ करने ले गई। दो आरोपियों का 15 अक्टूबर तक रिमांड बढ़ाया गया है।**

अन्नपूर्णा पुलिस के मुताबिक नकली नोट मामला का मुख्य सरगना राजेश बरपेते हैं। उसके साथ चार युवकों को डेढ़ लाख रुपए, कम्प्यूटर, प्रिंटर, स्केनर के साथ पकड़ा था। आरोपियों ने पूछताछ में हिमांशु का नाम बताया था। हिमांशु से 7500 रुपए जब्त किए थे। हिमांशु ने गुरुवार को पूछताछ में बताया कि उसने तीन साथियों के साथ उज्जैन में बड़ी मात्रा में नोट चलाए हैं। इस पर अन्नपूर्णा पुलिस ने नीलगंगा पुलिस को सूचना दी। नीलगंगा पुलिस राजेश और प्रियस को छोड़ शेष तीन आरोपियों को पूछताछ के लिए ले गई। जबकि, हिमांशु को जेल भेज दिया है।

मुख्य सरगना ने बताया था कि वह संन्यासी बनने उतराखंड में आसाराम बापू के आश्रम गया था। यहां कुछ दिन रहने के बाद वापस लौट आया था। अन्नपूर्णा पुलिस ने उतराखंड में जानकारी निकाली, लेकिन कुछ हाथ नहीं लगा। हिमांशु की निशादेही पर नीलगंगा पुलिस ने नीलगंगा और भैरूगढ़ क्षेत्र से दो युवकों को पकड़ा है। दोनों को नकली नोट खपाने के लिए हिमांशु से लिए थे। दोनों से हिमांशु का संपर्क कैसे हो पाया, पुलिस इसकी जांच कर रही है।

## नाम बदलकर रह रहा था युवक

# किशोरी को कर रहा था परेशान, हिंदूवादियों ने पकड़कर पुलिस को सौपा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। राऊ इलाके में एक वर्ग विशेष के युवक की पिटाई करते हुए हिंदूवादियों ने उसे पुलिस के सुपुर्द कर दिया। बताया गया कि वह काफी समय से अपनी पहचान छिपाते हुए राऊ की एक कॉलोनी में किराये से रह रहा था। उसने यहां मकान मालिक की पत्नी को भी गलत मैसेज किये। जिसमें पूछताछ के दौरान उसका असली नाम सामने आया। उसे देर रात बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने राऊ पुलिस के सुपुर्द कर दिया।**

पुलिस के मुताबिक मामला साई पैराडाईज का है। यहां बजरंग दल के जिला संयोजक राम दांगी अपने कार्यकर्ताओं के साथ श्याम सोलंकी उर्फ रिजवान को थाने लेकर पहुंचे थे। अफसरों को जानकारी देते हुए बताया गया कि आरोपी नाम बदलकर अपने मकान मालिक के यहां रुका हुआ है। वह उज्जैन के पास घाटिया इलाके का रहने वाला है। रिजवान वहां से एक युवती को अपने साथ लेकर आया है।

### कर रहा था अश्लील मैसेज

रिजवान इलाके में ही रहने वाली नाबालिग को अश्लील मैसेज कर रहा था। उसने मकान मालिक की पत्नी को भी मैसेज किये। जब उसे पकड़ा गया तो उसके डॉक्युमेंट चेक किये गए। जिसमें उसके पास रिजवान कुरैशी का आधार कार्ड मिला। उसने यहां किराये से रहने के लिये फर्जी डॉक्यूमेंट दिए हुए थे। रात में पुलिस अफसरों ने उसे हिरासत में लेकर छेड़छाड़ ओर गलत जानकारी देकर किराये से रहने के मामले में कार्रवाई की है।

# अवैध भांग बेचने में 13 आरोपी धराए

इंदौर। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. इलैयाराजा टी के निर्देशन एवं सहायक आबकारी आयोग श्री मनीष खरे के मार्गदर्शन में आज आबकारी विभाग द्वारा विभिन्न वृत्तों में अवैध भांग बेचने वालों के विरुद्ध कार्यवाही की गई। इसी सिलसिले में मल्हारगंज, रामबाग, बाणगंगा, परदेशीपुरा, पालदा तथा समाजवादी इंदिरा नगर क्षेत्र में सामूहिक कार्यवाही की गई। कार्यवाही में मप्र आबकारी अधिनियम की धारा 34(1) के तहत कुल 13 प्रकरण पंजीबद्ध कर 13 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। कार्यवाही के दौरान 345 किलो अवैध गीली भांग एवं उससे निर्मित गोलियां जप्त की गई। उक्त सामग्री का बाजार मूल्य लगभग 6 लाख 90 हजार रुपए है।

## इंदौर हाईकोर्ट ने कहा-

# जनपद पंचायत सीईओ डिंडोर के वीआरएस पर दो दिन में फैसला ले शासन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। जनपद पंचायत के सीईओ लक्ष्मण सिंह डिंडोर के वीआरएस मांगे जाने की याचिका पर शुक्रवार को सुनवाई हुई। इस मामले में इंदौर हाईकोर्ट ने दो दिन में वीआएस पर फैसला लेने के निर्देश शासन को दिए है। डिंडोर रतलाम ग्रामीण से दावेदार है। कांग्रेस से उनका टिकट तय माना जा रहा है। उन्होंने वीआरएस के लिए आवेदन दिया था, लेकिन शासन ने उसे मंजूर नहीं किया। इसके बाद लक्ष्मण ने हाईकोर्ट में याचिका लगाई।**



पिछले विधानसभा चुनाव में भी लक्ष्मण का टिकट रतलाम ग्रामीण से तय हुआ था। तब काफी विरोध भी हुआ। नामांकन दाखिल होने के पहले उनका टिकट बदल गया। कांग्रेस ने थावर भूरिया को टिकट दिया, इसलिए वे नौकरी में बने रहे। पिछले चुनाव में उन्होंने निर्वाचन से जुड़ा काम भी किया था। उन्हे निर्वाचन के कार्य करने पर भाजपा ने आपत्ति भी लगाई थी। इस बार वे फिर टिकट की दौड़ में है और उन्होंने हाईकोर्ट में वीआरएस के लिए याचिका लगाई थी,क्योकि सरकर ने उन्हें वीआरएस नहीं दिया।डिंडोर मनावर के जनपद पंचायत के सीईओ है। वे कांग्रेस के एक कार्यक्रम में शामिल हुए थे। इस आधार पर उन्हें पंचायत व ग्रामीण विकास विभाग ने निलंबित कर दिया था। डिंडोर कांतिलाल भूरिया के समर्थक है और रतलाम ग्रामीण क्षेत्र में लंबे समय से सक्रिय है। वे लगातार कई आयोजन भी करा चुके है।

# महिला पर चाकू से हमला

## प्रापर्टी विवाद में गवाही देने के लिए जा रही थी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। प्रापर्टी विवाद के चलते गवाही देने जा रही एक विधवा पर बदमाशों ने चाकू से प्राणघातक हमला कर दिया। उसे गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती करवाया गया है।**

नीलोफर पति मो.शहजाद शुक्रवार को महू-टोल नाके के पास से गुजर रही थी। इसी दौरान बदमाशों ने उस पर चाकू से हमला बोल दिया। वह लहूलुहान होकर सडक पर ही गिर गई। वहां से गुजर रहे लोगों ने पुलिस को सूचना दी उसके बाद महिला को एमवाय में भर्ती करवाया गया है। पुलिस नीलोफर के बयान लेने अस्पताल पहुंची तो डाक्टरों ने बताया कि वह फिलहाल बयान देने की हालत में नहीं है। नीलोफर के परिजनों के मुताबिक वह पति की मौत के बाद वह ससुराल से अलग रहकर चंदननगर इलाके में तीन बच्चों के साथ रहती है। नीलोफर नौकरी कर अपने परिवार का भरण पोषण करती है।

ससुराल वालों से उसका प्रापर्टी को लेकर केस कोर्ट में चल रहा है। शुक्रवार को नीलोफर किसी मामले में महू कोर्ट में बयान देने जा रही थी इसी दौरान उस पर हमला हुआ है। पुलिस का कहना है कि नीलोफर के परिजनों का कहना है कि ससुराल वालों से प्रापर्टी केस को लेकर उसे कई बार धमकियां भी मिल चुकी है। हमलावर कौन थे उनका क्या उद्देश्य था ये नीलोफर के बयान के बाद ही स्पष्ट होगा।

# युवक से मिले 7 लाख रुपए

**इंदौर।** जिला प्रशासन द्वारा गठित की गई एसएसटी(स्टेटिक सर्विलांस टीम) ने कैसरबाग चौकी के पास एक्टिवा वहां से इरफान नामक व्यक्ति से 7 लख रुपए जप्त किए। मौके पर उपस्थित सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी तहसीलदार याचना दीक्षित द्वारा की गई पूछताछ में उसने बताया कि वह यह राशि किसी कार्य के भुगतान के लिए लेकर जा रहा था। तहसीलदार दीक्षित ने उक्त राशि कोषालय में जमा कराई है। अब इरफान को उक्त राशि के संबंध में अपना स्पष्टीकरण समिति के सम्मुख प्रस्तुत करना होगा। उल्लेखनीय है कि चुनाव में ही इस टीम का गठन किया जाता है। यह टीम गैरकानूनी गतिविधियों पर नजर रखती है। चेक पोस्ट पर वाहनों की चेकिंग, जब्ती का जिम्मा रहता है।

# बेटी की पेरेंट्स मीटिंग से लौटकर आत्महत्या

**इंदौर।** कुलकर्णी भट्टे में रहने वाले एक पेंटर ने आग लगाकर आत्मदाह कर लिया। बताया जाता है कि वह गौरी नगर में रहता है। परदेशीपुरा में उसका ससुराल है। वह बेटी के स्कूल में पेरेंट्स मीटिंग में गया था। यहां से घर लौटने के बाद उसने यह कदम उठा लिया। परदेशीपुरा पुलिस मामले में जांच कर रही है। पुलिस के मुताबिक सुधीर उर्फ घनश्याम पुत्र बसंतीलाल सूर्यवंशी निवासी गौरीनगर ने अपने ससुराल कुलकर्णी भट्टे में बुधवार को आत्मदाह कर लिया। रिश्तेदारों ने उसे एमवाय अस्पताल में भर्ती कराया। शुक्रवार सुबह उसकी मौत हो गई। सुधीर पेंटिंग करता था। वह अपनी पत्नी ओर बच्चों के साथ परिवार से अलग रहता था। प्रारभिंक जानकारी में पता चला है कि सुधीर अपनी 13 साल की बेटी की मीटिंग में स्कूल गया। यहां पर टीचर ने उसे बेटी द्वारा पढ़ाई नही करने को लेकर नाराजगी जताई। इस बात से क्षुब्ध होकर उसने यह कदम उठा लिया। फिलहाल पुलिस इस बात से इंकार कर रही है। मामला पारवारिक विवाद का भी बताया जा रहा है। सुधीर का एक 10 साल का बेटा भी है। परिवार के लोगो ने बातचीत में यह भी बताया कि सुधीर की मां की तबीयत खराब थी। वही काफी दिनों से सुधीर की पत्नी मायके में थी। वह उसे घर चलने को लेकर जिंद कर रहा था। इसलिये वह बच्ची के स्कूल भी गया था।

पढ़ो-पढ़ाओ घोषणा पर प्रियंका-शिवराज में ट्वीट वार

# प्रियंका बोलीं-ध्यान भटकाने वाले, सीएम ने कहा- जो घोषणाएं करा रहे, उनका ट्रैक रिकॉर्ड खराब

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। मध्यप्रदेश में कांग्रेस की पढ़ो-पढ़ाओ योजना के तहत स्कूली बच्चों को हर महीने 500 से 1000 रुपए देने की घोषणा पर प्रियंका गांधी और सीएम शिवराज सिंह चौहान में ट्वीट वार छिड़ गया है। सीएम शिवराज ने कहा कि गांधी परिवार ने सभी को ठगा, लेकिन कमलनाथ गांधी परिवार को ही ठग रहे हैं। इस पर प्रियंका गांधी ने ट्वीट कर उनके बयान को ध्यान भटकाने वाला बताया।**

प्रियंका के इस ट्वीट पर सीएम शिवराज सिंह ने फिर ट्वीट किया। कहा कि वे ध्यान नहीं भटका रहे, ध्यान दिला रहे। उन्होंने कहा कि जो आपसे घोषणाएं करवा रहे हैं, उनके ट्रैक रिकॉर्ड खराब है। इधर इंदौर में बीजेपी नेता ने प्रियंका गांधी की इस घोषणा को आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन बताते हुए चुनाव आयोग से शिकायत की है।

### सीएम ने क्या कहा

सीएम शिवराज ने अपने निवास पर प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उन्होंने कहा- कल जिस तरह से प्रियंका गांधी से घोषणा करवाई गई, मैंने वह वीडियो देखा है। वे कई घोषणाएं करके बैठ गईं और बोलीं एक और कर दोज् पता नहीं बोलने के पहले उन्होंने पढ़ा या नहीं पढ़ा। मैडम बोलती हैं कि अभी-अभी एक और घोषणा मुझे बताई है। कक्षा 1 से 12वीं तक बच्चों की स्कूल की शिक्षा निःशुल्क होगी। और फिर भाषण शुरू हो गया। कमलनाथ प्रियंका जी को टोक रहे हैं और करेक्शन करा रहे हैं, तो प्रियंका जी कहती हैं आप ही बोलिए, तो वह कहते हैं कि नहीं आप ही बोलिए। वह दोबारा पढ़ती हैं एक से आठवीं तक 500 रुपए, नौ से दसवीं तक एक हजार देंगे। 10 से 12 वीं तक 15 सौ रुपए हर साल देंगे। फिर सुरजेवाला जी जाते हैं और कहते हैं हर साल नहीं, हर महीना। मैडम कहती हैं कि इसमें लिखा तो हर साल है।



### प्रियंका का जवाब- ध्यान भटका रहे

प्रियंका गांधी ने सीएम शिवराज सिंह को जवाब दिया। उन्होंने ट्वीट किया- हम शिक्षा और बच्चों की बात कर रहे, लेकिन ध्यान भटकाने वालों को कुछ और ही समझ में आ रहा। उन्होंने सीएम शिवराज सिंह पर तंज भी कसा। साथ ही पढ़ो-पढ़ो योजना के तहत दी जाने वाली राशि की जानकारी भी दी।

### शिवराज का पलटवार- मैं तो ध्यान दिला रहा हूं

सीएम शिवराज ने प्रियंका गांधी को फिर ट्विटर पर जवाब दिया। उन्होंने लिखा कि मैं ध्यान नहीं भटका रहा, बल्कि ध्यान दिला रहा हूं। आपसे जो लोग ये घोषणाएं करा रहे हैं, उनका ट्रैक रिकॉर्ड खराब है।

### सीएम शिवराज सिंह ने कांग्रेस की घोषणा पर ये भी कहा-

सीएम ने कहा, आप कल्पना कर सकते हैं कि वे पहले कुछ लिखते हैं। पढऩे को कुछ और कहते हैं। कितने गंभीर हैं वो कि इससे काम नहीं चलेगा। हर साल नहीं तो हर महीने पर आ जाओ। न लेना है, न देना है। अपने बाप का क्या जाता है, हर महीने बोलो। वोट के लिए इस तरह से झूठ बुलवाना। पहले भी राहुल बाबा से कहलवा दिया था कि 10 दिन में कर्ज माफ करेंगे नहीं तो 11वें दिन मुख्यमंत्री बदल देंगे। बेचारे राहुल गांधी तो कह कर गए।

### जबरदस्ती घोषणाएं करवा रहे हैं

सीएम ने कहा, जितनी पूरी कर सकें उतनी ही घोषणा करना, लेकिन जबरदस्ती घोषणाएं करवा रहे हैं कि आप तो पढ़ दो। वैसे भी लेना-देना तो है नहीं। ये कांग्रेस की कंफ्यूज करो और वोट लो स्कीम है। कांग्रेस का पुराना वचन पत्र देख लीजिए। इसमें वचन तो कई दिए थे, लेकिन उन्होंने कहा था शालेय स्तर के बच्चों को गणवेश, पाठ्यपुस्तक अन्य पठन की उच्च कोटि की सामग्री निशुल्क उपलब्ध कराई जाएगी। यह कहकर मामा जो लैपटॉप दे रहा था वह भी बंद कर दिया। साइकिल देना बंद कर दी। मेधावी विद्यार्थी योजना उन्होंने ठंडे बस्ते में डाल दी। बच्चों की फीस तक नहीं भरवाई।

### कमलनाथ ने गरीबों के घर लौटा दिए थे

सीएम ने कहा, प्रधानमंत्री जी ने जो घर भेजे थे। स्टेट का जो 40 फीसदी शेयर देना होता है वह पैसा नहीं दिया। ये मोदी जी के मकान छीनने वाले, बच्चों के लैपटॉप और साइकिल छीनने वाले, बच्चों की फीस छीनने वाले। फिर ठगने आ गए। और ठगने के पहले ये तय नहीं कर पाते कि एक महीने का कहना है या साल का कहना है। यह कांग्रेस का झूठ है। लगातार झूठ बुला रही है राहुल गांधी से, प्रियंका गांधी से, लेकिन यह पब्लिक है सब जानती है।

### विजयवर्गीय बोले- प्रियंका और राहुल झूठे

भाजपा नेता कैलाश विजयवर्गीय ने कहा, प्रियंका गांधी हो या राहुल गांधी, झूठ के अलावा कुछ नहीं बोलते हैं। पिछले चुनाव में भी राहुल गांधी ने किसानों को धोखा दिया। कांग्रेस अभी भी धोखा देने का काम कर रही है। कल उन्होंने वन अधिकार के पट्टों को लेकर बोला, वन अधिकार के पट्टे सर्वाधिक भाजपा सरकार ने दिए। वनों में आदिवासियों के अधिकार को भाजपा ने सुरक्षित किया है। कांग्रेस जबरदस्ती झूठ बोलकर भाजपा पर आरोप लगा रही है।

## सीधी में पारा 38 डिग्री पार, ग्वालियर-गुना भी गर्म

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। प्रदेश में अगले 2 से 3 दिन तेज गर्मी पड़ेगी। इसके बाद मौसम बदलेगा। 17 और 18 अक्टूबर को प्रदेश के ग्वालियर, चंबल और सागर संभाग में हल्की बारिश हो सकती है। इससे पहले कई शहरों में रिकॉर्ड गर्मी पड़ रही है। सीधी में गुरुवार को पारा 38.8 डिग्री रहा, जबकि गुना में टेम्प्रेचर 37 डिग्री के पार पहुंच गया। ग्वालियर, दमोह, खजुराहो, नर्मदापुरम, सतना और टीकमगढ़ में भी तेज गर्मी पड़ रही है।**

सीनियर मौसम वैज्ञानिक डॉ. एचएस पांडे ने बताया कि अक्टूबर में दिन में गर्मी, रात में गुलाबी ठंड और एक-दो दिन हल्की बारिश होने का ट्रेंड है। पिछले कुछ सालों में अक्टूबर में तीनों ही मौसम देखने को मिल रहे हैं। इस बार भी ऐसा ही अनुमान है। हालांकि, पिछले कुछ सालों के मुकाबले दिन में ज्यादा गर्मी पड़ रही है। कोई वेस्टर्न डिस्टरबेंस एक्टिव नहीं होने, धूप की तीव्रता 20त्न तक बढऩे और राजस्थान से सूखी हवा आने की वजह से मध्यप्रदेश में तेज गर्मी पड़ रही है।

### भोपाल में भी तेज गर्मी का असर

भोपाल में तेज गर्मी का असर है। बुधवार को पारा 35.9 डिग्री रहा था, जो 6 साल बाद अक्टूबर में दूसरी बार सबसे ज्यादा रहा था। गुरुवार को तापमान 35.5 डिग्री पर रहा। मौसम केंद्र के फोरकास्ट इंचार्ज वेद प्रकाश सिंह ने बताया कि भोपाल में दो-तीन दिन और ऐसी गर्मी पड़ सकती है। उसके बाद बादल छा सकते हैं। इस दौरान कहीं-कहीं बूंदाबांदी भी हो सकती है।

### गर्मी का ऐसा असर-

सबसे ज्यादा तापमान सीधी में 38.8 डिग्री रहा। गुना में पारा 37.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।दमोह में 36.6, ग्वालियर में 36.5, खजुराहो में 36.5, नर्मदापुरम में 36.4, सतना और टीकमगढ़ में तापमान 36 डिग्री दर्ज किया गया। भोपाल, रीवा, उज्जैन, मंडला, खंडवा, नौगांव, रतलाम, शिवपुरी, जबलपुर में तापमान 35 डिग्री या इससे अधिक रहा।

## तेंदुए की दस्तक-किसानों में दहशत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**बड़वानी**। बड़वानी थाना क्षेत्र के पिपलूद गांव में तेंदुए की लगातार मूवमेंट से क्षेत्र में लगातार दहशत का माहौल बना हुआ है । किसान दिलीप यादव ने बताया कि किसान अपने खेतों में जाने से भी डर रहे हैं। लगातार हमें तेंदुआ दिखाई दे रहा है। जिससे हमें डर बना रहता है। खेत में फसल को खाद की आवश्यकता है। ऐसे में खाद भी नहीं डाल पा रहे हैं। बच्चे-मजदूर डरे हुए हैं। बच्चों और मवेशियों की चिंता बनी रही रहती है। इसके पहले भी तेंदुआ खेत से बकरी का शिकार करके ले गया था।

## हेडमास्टर ने छात्र को पीटा, मां की साड़ी खींची

◆ करतूत देख लोगों ने पिटाई कर दी, नशे में होने का आरोप

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**रीवा**। रीवा में सरकारी स्कूल के हेड मास्टर ने पहले एक दिव्यांग छात्र को पीटा, फिर उसकी मां से हाथापाई कर दी। महिला की साड़ी खींच दी। इससे उसकी साड़ी फट गई। लोगों ने जब हेड मास्टर की यह करतूत देखी तो उसे पकडक़र पीट दिया। आरोप है कि वह नशे में था।

मामला सेमरिया थाना इलाके के गोदहा गांव में गुरुवार का है। स्कूल के बाहर हुई मारपीट का वीडियो शुक्रवार को सामने आया है। पुलिस ने हेड मास्टर और उसे पीटने वाले लोगों पर क्रॉस एफआइआर दर्ज की है। श्रीकांत दुबे (50) प्राथमिक पाठशाला गोदहा में हेड मास्टर हैं। सेमरिया थाने के निरीक्षक अवनीश पांडेय ने बताया कि 12 अक्टूबर की दोपहर 12 बजे छात्र अंकित कोल (19) अपनी मार्कशीट लेने स्कूल गया था। इसी बात पर स्कूल कैम्पस में छात्र और हेड मास्टर के बीच बहस हुई। पुलिस को हेड मास्टर ने बताया कि काफी पुरानी मार्कशीट है। मिलना मुश्किल है। यह बात छात्र को कही भी, लेकिन वह नहीं माना और बहस करने लगा। मारपीट के दौरान हेड मास्टर ने महिला की साड़ी खींची। इससे वह अर्धनग्न हो गई। पिटाई से हेड मास्टर के सिर और पेट में चोट आई है।

### छात्र की शिकायत पर स्कूल पहुंची मां

छात्र अंकित रोते हुए घर पहुंचा। उसने अपनी मां को बताया कि हेड मास्टर ने उसे पीटा है। इस पर उसकी मां स्कूल पहुंच गई। आरोप है कि नशे में धुत हेड मास्टर ने महिला के साथ हाथापाई शुरू कर दी। छात्र का कहना है कि वह प्राथमिक पाठशाला गोदहा का पूर्व छात्र है। 5वीं की मार्कशीट के लिए स्कूल के चक्कर काट रहा है। वह मां के साथ स्कूल पहुंचा तो हेड मास्टर ने धक्के मारकर हम दोनों को बाहर निकाल दिया और मारपीट की।

### मारपीट से हेड मास्टर को सिर, पेट पर आई चोट

पुलिस का कहना है कि मारपीट का वीडियो सामने आया है। दोनों पक्ष एक-दूसरे को पीटते नजर आ रहे हैं। हेड मास्टर के सिर, पेट और कंधों पर चोट आई है। दोनों पक्षों पर केस किया है। हेड मास्टर को जिन लोगों ने पीटा है, वीडियो के आधार पर उनकी पहचान की जा रही है।

इजराइल-हमास विवाद पर एमपी में सियासी संग्राम

## कांग्रेस को हमास का समर्थक बताने पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष को नोटिस भेजेगी कांग्रेस

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल**। इजराइल और हमास के बीच चल रही जंग को लेकर एमपी में सियासी बयानबाजी जारी है। बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा ने कांग्रेस को आतंकवादियों का समर्थक और सीडब्ल्यूसी की बैठक में हमास का समर्थन करने का आरोप लगाया था। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष के इस बयान पर अब कांग्रेस उन्हें लीगल नोटिस भेज रही है। पीसीसी में मीडिया से चर्चा करते हुए कांग्रेस मीडिया विभाग के अध्यक्ष केके मिश्रा ने कहा- पीएफआई को लेकर मुख्यमंत्री जी ने जो आरोप कांग्रेस पर लगाए हैं। मैं बताना चाहता हूं कि कर्नाटक में पंचायत के चुनाव में भाजपा ने एसडीपीआई को समर्थन दिया है। एसडीपीआई वो पॉलिटिकल विंग है जो पीएफआई की ब्रांच है। अब नरोत्तम मिश्रा, मुख्यमंत्री और अमित शाह बता दें कि उनका वास्तविक चरित्र क्या है? केके मिश्रा ने कहा- कुछ देर बाद हम वीडी शर्मा को नोटिस दे रहे हैं। हमारा नोटिस तैयार हो गया है। संभव हुआ तो हम एफआईआर भी कराएंगेहैं। उन्हें साबित करना पडेगा कि कांग्रेस ने क्या किया था क्या कहा था और आप उसे किस पॉलिटिकल रंग में परिवर्तित कर रहे हैं।

## कलेक्टर के खिलाफ निर्वाचन आयोग से शिकायत

### कांग्रेस ने लगाए निष्पक्ष न होकर कार्यवाही करने के आरोप

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**जबलपुर**। जबलपुर एसपी को हटाने के बाद आप जबलपुर कलेक्टर के खिलाफ भी कांग्रेस ने मोर्चा खोल दिया है। आदर्श आचार संहिता उल्लंघन को लेकर कांग्रेस ने मुख्य निर्वाचन आयोग को पत्र लिखकर कलेक्टर सहित एसडीएम और तहसीलदार को हटाने की मांग की है। कांग्रेस का आरोप है कि भारतीय जनता पार्टी के इशारे पर जबलपुर के कलेक्टर सहित अन्य अधिकारी एकपक्षीय कार्यवाही कर रहे हैं। इतना ही नहीं निर्वाचन आयोग के निर्देश की अवहेलना करते हुए सिर्फ कांग्रेस के कार्यकतार्ओं पर प्रशासनिक अधिकारी निशाना साध रहे हैं। मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव सौरव शर्मा ने मुख्य निर्वाचन आयोग को पत्र लिखकर जबलपुर कलेक्टर को हटाने की मांग की है। मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश महासचिव सौरव शर्मा ने मुख्य चुनाव आयुक्त को पत्र लिखकर कहा है कि जबलपुर रेलवे स्टेशन प्लेटफार्म नंबर 6 की तरफ मध्य प्रदेश सरकार के अनेक विज्ञापन अभी भी मौजूद हैं, जो सीधे एकपक्षीय फायदा भारतीय जनता पार्टी को पहुंचा रहे हैं। रेलवे स्टेशन के बाहर मुख्यमंत्री लाडली बहन योजना के लगे हुए हैं विज्ञापन।

# संपादकीय

## वैश्विक चुनौतियों की ओर भी इशारा

इजराइल पर हमला करने वाले आतंकवादी संगठन हमास ने सिर्फ यहूदियों को ही दर्द नहीं दिया है बल्कि दुनिया को भी दिखा दिया है कि आतंकवाद का स्वरूप कितना वीभत्स हो सकता है। जिस तरह आम लोगों का कत्लेआम किया गया वह मानवता के समक्ष खड़ी आतंकवाद रूपी सबसे बड़ी चुनौती की भयावहता को दर्शाता है। साथ ही जिस तरह हमास को समर्थन देने के लिए इस्लामिक देश एकत्रित हो रहे हैं तथा हिज्बुल्ला और उसके जैसे आतंकवादी संगठन लड़ाई में खुलकर हमास का साथ देने आ रहे हैं, वह इन आतंकी संगठनों के आपसी तालमेल से खड़ी होने वाली वैश्विक चुनौतियों की ओर भी इशारा करता है। जहां तक हमास की बात है तो आपको बता दें कि इसका गठन 1987 के अंत में हुए पहले फिलिस्तीनी विद्रोह की शुरुआत में हुआ था। इसकी जड़ें मुस्लिम ब्रदरहुड की फ़िलिस्तीनी शाखा में हैं और इसे फ़िलिस्तीनी क्षेत्रों के अंदर एक मजबूत सामाजिक-राजनीतिक संरचना का समर्थन भी मिला हुआ है। हमास समूह का उद्देश्य इजराइल के स्थान पर एक इस्लामिक फिलिस्तीनी राज्य की स्थापना करना है। हमास समूह फिलिस्तीन लिबरेशन ऑर्गनाइजेशन यानि पीएलओ और इजराइल के बीच किए गए किसी समझौते को नहीं मानता है। हम आपको यह भी बता दें कि हमास की ताकत गाजा पट्टी और वेस्ट बैंक के इलाकों तक ही केंद्रित है। बहरहाल, हमास का गठन कैसे हुआ और इसकी विचारधारा क्या है, यदि इस बारे में बात करें तो आपको बता दें कि इस्लामवादी मुस्लिम ब्रदरहुड से जुड़े कार्यकर्ताओं ने दान, क्लीनिक और स्कूलों का एक नेटवर्क स्थापित किया और 1967 में चले छह-दिवसीय युद्ध के बाद इजराइल के कब्जे वाले क्षेत्रों (गाजा पट्टी और वेस्ट बैंक) में सक्रिय हो गए। गाजा में वह लोग कई मस्जिदों में सक्रिय थे, जबकि वेस्ट बैंक में उनकी गतिविधियाँ आम तौर पर विश्वविद्यालयों तक ही सीमित थीं। इन क्षेत्रों में मुस्लिम ब्रदरहुड की गतिविधियाँ आम तौर पर अहिंसक थीं, लेकिन कब्जे वाले क्षेत्रों में कई छोटे समूहों ने इजराइल के खिलाफ जिहाद, या पवित्र युद्ध का आह्वान करना शुरू कर दिया था। दिसंबर 1987 में इजरायली कब्जे के खिलाफ फिलिस्तीनी इंतिफादा यानि विद्रोह की शुरुआत में हमास की स्थापना मुस्लिम ब्रदरहुड के सदस्यों और धार्मिक गुटों द्वारा की गई थी। हम आपको यह भी बता दें कि हमास एक अरबी शब्द है जिसका अर्थ 'उत्साह' है। इस संगठन ने अपने 1988 के चार्टर में कहा था कि फिलिस्तीन एक इस्लामी मातृभूमि है जिसे कभी भी गैर-मुसलमानों को नहीं सौंपा जा सकता है और इजराइल से फिलिस्तीन का नियंत्रण छीनने के लिए पवित्र युद्ध छेड़ना फिलिस्तीनी मुसलमानों के लिए एक धार्मिक कर्तव्य है। हमास के इस सिद्धांत ने इसे इजराइल के साथ हमेशा के लिए संघर्ष की स्थिति में ला दिया। जो लोग हमास से हमदर्दी रख रहे हैं उन्हें इसके संस्थापकों और नेताओं के द्वारा दिये गये संबोधनों को देखना-सुनना चाहिए जिसमें उन्होंने खुद कहा है कि हमास एक नरसंहारक आतंकवादी संगठन है।

## श्रद्धांजलि शब्द हम एक ही जगह पर बोलते हैं... ये मुझे लगता है कि थोड़ी संकीर्णता है ...श्रद्धांजलि बोले तो ऐसा ही लगे कि किसी की मृत्यु हुई है तभी श्रद्धांजलि ....केवल दिवंगत के लिए ही नहीं ....

**श्राद्ध की 15 तिथियाँ ...मेरे दादा की प्रेरणा से... श्रद्धांजलि देने के 15 स्थान है ....**

**दिवंगत को ...श्राद्ध करके... तर्पण करके दिवंगत को श्रद्धांजलि देते हैं.....**

MORARI BAPU



सत्य-प्रेम-करुणा...

1... हमारा सद्गुरु ...हमारा बुद्धपुरुष... हमारा साधु ...उसको श्रद्धांजलि दे उसकी आज्ञा मानकर ...उसके वचन पर भरोसा करके...

2... देवताओं को श्रद्धांजलि... यानि जो दिव्य आत्मा है जगत में... वो कोई प्रोफेसर भी हो सकता है ...देव न हो... लेकिन उसकी आत्मा दिव्य हो ...जब वो मिले तब उसके पैर छूने को भूलना नहीं... यही उसकी श्रद्धांजलि है....

3... सदग्रंथ को श्रद्धांजलि... उसका स्वाध्याय करके ...अध्ययन करके... अभ्यास करके ...और सरस्वती कृपा करे तो प्रवचन करके ...मानस का... भागवत का पाठ करो ये उसको श्रद्धांजलि है.... कभी रामायण को हृदय से लगाकर आंख में आंसू आए ये श्रद्धांजलि है ...पाश्चात्य विद्वान गीता को सिर पर रखकर नाचे हैं... ये श्रद्धांजलि है... ये शिरांजलि है ....

4... गौशाला में जाकर गायों को चारा देना ...मैं गाय का दूध पियूँगा ... गाय के घी का उपयोग करूंगा... गाय को कत्लखाने में नहीं जाने दूंगा... ये गाय को दी गई श्रद्धांजलि है... गो यानि इंद्रियां भी... उसको मैं सम्यक चारा दूंगा ...ज्यादा नहीं दूंगा... मेरी इंद्रियों की सेवा करूंगा....

5... अपनी आत्मा को अंजलि... जिसको आत्म रति... आत्म क्रीडा ...आत्मज्ञान ...आत्मबोध कहते हैं....

6... हमारे आसपास कोई महत पुरुष हो ...गांव का सरपंच हो .. शिक्षक हो ...अच्छा प्रोफेसर... अच्छा डॉक्टर... अच्छा ग्राम सेवक... अच्छा किसान ...श्रद्धांजलि देने योग्य है....

7... यज्ञ को श्रद्धांजलि... द्रव्य से अंजलि... घी से अंजलि

8... सूर्य को श्रद्धांजलि ...जल से... साहब सूर्य ग्रहण पूरा नहीं हो तब तक गांव के लोग रोटी नहीं खाते... ये अंजलि है सूर्य को... सब वस्तु में दर्भ डाला जाता है... कोई कष्ट में हो तब हम खाएं कैसे ?...सूर्य कष्ट में है ...किसीने उसको पकड़ लिया है ....ये भाव ....

9... राष्ट्र को श्रद्धांजलि ...मेरा भारत है... राष्ट्र को धोखा नहीं देना ये श्रद्धांजलि है ....जहां जन्म हुआ ...जहां कमाने लगे... उस राष्ट्र के विरुद्ध वर्तन नहीं करना .... राष्ट्र को अंजलि दी जाए अपनी ईमानदारी से ....

10... धरती को अंजलि ...ये किसान करता है... धरती को नमन करना... उसमें से क्षमा का गुण लेना ....

11... वनस्पति को श्रद्धांजलि ...तुलसी को ...बिल्व पत्र को... दुर्वा को ...पीपल को जल देना... नीम के वृक्ष को ...वटवृक्ष को ...सभी वृक्षों को अंजलि देना ....

12... मातृ ...पितृ... आचार्य ...अतिथि... इन चारों को प्रणाम करना ये श्रद्धांजलि है....

13... सागर को श्रद्धांजलि ...जल को तीर्थ कहा है... जल की राशि जब प्रवाहित होती है उसको हम नदी कहते हैं ...और तमाम नदियां जिसमें समाती है उसको हम समुद्र कहते हैं जो ईश्वर तत्व है ...सागर का जल लेकर उसको ही चढ़ाना ये उसकी श्रद्धांजलि है ....तबीयत ठीक हो... तकलीफ ना हो... तो स्नान करना ....

डोंगरे बापा कहते कि समुद्र में पूर्णिमा के दिन स्नान करने से पूरे जगत भर की नदियों में स्नान हो जाता है ....क्योंकि पूर्णिमा के दिन सभी तीर्थ समुद्र के किनारे आते हैं ...और उस समय समुद्र में स्नान करने से जगत के सभी तीर्थ में हमने स्नान किया ऐसा माना जाता है .....

14.... गुरु ने जो मंत्र दिया हो उसको श्रद्धांजलि... अब मेरी सभी श्रद्धांजलि इस मंत्र में है ....

15.... मनुष्य में राजा ये ईश्वर की विभूति है... राष्ट्र के नायक को श्रद्धांजलि....

**मानस श्रद्धांजलि, (गुजराती से हिंदी अनुवाद)**

साभार - Chitrakutdham Talgajarda

Gujrat

# भारत-पाकिस्तान मैच को लेकर गुजरात में अलर्ट जश्न वाले जुलूस पर लगा दी गई रोक

**अहमदाबाद, (एजेंसी)** भारत और पाकिस्तान के बीच शनिवार को अहमदाबाद में होने वाले विश्व कप के मैच के बाद किसी भी तरह का जुलूस नहीं निकाला जाएगा। पुलिस ने इसपर प्रतिबंध लगा दिया है। दरअसल, आईसीसी वर्ल्ड कप में भारत और पाकिस्तान का मैच शनिवार को है। वहीं रविवार से नवरात्रि का गरबा उत्सव शुरू हो जाएगा। ऐसे में कानून-व्यवस्था की स्थिति को ध्यान में रखते हुए शहर में किसी भी तरह के विजय जुलूस पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। राज्य रिजर्व पुलिस (एसआरपी) और स्थानीय पुलिस के साथ रैपिड एक्शन फोर्स (आरएसएफ) को शहर के चार दरवाजा क्षेत्र और शहर के अन्य सांप्रदायिक रूप से संवेदनशील क्षेत्रों में तैनात किया गया है।



इसके अलावा शहर के मुख्य स्टेट हाईवे पर भी बैरिकेडिंग की जाएगी। वाडी, पानी गेट, कारेली बाग, जीबी रोड और वारसिया जैसे इलाकों में भारी पुलिस की मौजूदगी रहेगी। अन्य क्षेत्र जहां फोर्स तैनात की जाएगी उनमें अटल ब्रिज, अकोटा, डांडिया बाजार रोड और फतेहगंज शामिल हैं। वडोदरा के पुलिस आयुक्त अनुपम सिंह गहलोत ने भारत बनाम पाकिस्तान मैच के बाद विजय जुलूस में होने वाले किसी भी विवाद या घटना को रोकने के लिए यह निर्णय लिया है।

भारत और पाकिस्तान के बीच होने वाले मैच के दौरान गुजरात में विभिन्न ईकाई के पुलिस प्रमुखों को 'अलर्ट मोड' पर रहने, असामाजिक तत्वों और संवेदनशील इलाकों पर पैनी नजर रखने के लिये कहा गया है। प्रदेश के डीजीपी विकास सहाय ने कहा कि गुजरात पुलिस बल के 6000 पुलिसकर्मी, राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड, त्वरित कार्यबल (आरएएफ), राष्ट्रीय आपदा मोचन बल के साथ (एनडीआरएफ) अहमदाबाद और नरेंद्र मोदी स्टेडियम में तैनात होंगे।

New Delhi

## सावधान! मैदान से पहाड़ तक बारिश और बर्फबारी का अलर्ट, इन राज्यों में ठंड देने वाली है दस्तक

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** देश के अधिकांश हिस्सों से मॉनसून की वापसी हो चुकी है। अब लोगों को ठंड का इंतजार है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (IMD) के द्वारा दी गई ताजा जानकारी के मुताबिक, पश्चिमी विक्षोभ के कारण देश का मौसम बदलने वाला है। पहाड़ों पर जहां बर्फबारी होने वाली है, वहीं मैदानी इलाकों में बारिश होने की भी संभावना है। इसके कारण लोगों को जल्द ही ठंड का एहसास हो सकता है। आईएमडी ने बताया है कि देश के उत्तर पश्चिम और मध्य क्षेत्र में बारिश हो सकती है। मौसम विभाग ने इसकी तारीख भी बता दी है। आईएमडी की रिपोर्ट के मुताबिक, 17 अक्टूबर तक जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के पहाड़ी इलाकों में भारी बारिश और बर्फबारी होने की संभावना है। इसके कारण दिल्ली, पश्चिमी उत्तर प्रदेश और आसपास के मैदानी इलाकों में भी मौसम का मिजाज बदलेगा। लोगों को ठंडे मौसम का सामना करना पड़ सकता है। मौसम विभाग ने बताया है कि उत्तराखंड, पंजाब, हरियाणा और दिल्ली में सोमवार से भारी बारिश हो सकती है। इसके बाद हिमालय से आने वाली शुष्क हवाओं के कारण उत्तर-पश्चिम भारत में 17 अक्टूबर से तापमान में 2 से 4 डिग्री सेल्सियस की गिरावट का अनुमान है।

Uttarpradesh

## प्रयागराज में प्रॉपर्टी डीलर की गोली मारकर हत्या, सीसीटीवी में कैद हुआ बदमाश

**प्रयागराज, (एजेंसी)** प्रयागराज के झूंसी में शनिवार सुबह एक प्रॉपर्टी डीलर की गोली मारकर हत्या कर दी गई। वारदात को अंजाम देने वाला बाइक सवार हमलावर अपनी गाड़ी छोड़ कर पैदल ही भाग निकला। सीसीटीवी कैमरे में वह नजर आया है। प्रॉपर्टी विवाद में हत्या की बात सामने आई है। पुलिस आरोपी की तलाश में छापामारी कर रही है। प्रॉपर्टी डीलर सत्यपाल भारतीय(42) झूंसी के नैका महीन में रहता था। वह बालू गिट्टी का काम भी करता था। बताया जा रहा है कि शनिवार सुबह वह पैदल ही जल लेकर तर्पण के लिए जा रहा था। एचआरआई के पास बाइक सवार ननका भारतीय ने पीछा करते हुए सत्यपाल के पास पहुंचा और उसके सिर में गोली मारकर हत्या कर दी। वारदात को अंजाम देकर वह बाइक लेकर भागा। कुछ दूर पर बाइक छोड़ दी।

New Delhi

## दिल्ली में आज से DMS दूध की आपूर्ति बंद, FSSAI ने रद्द किया लाइसेंस

**नई दिल्ली, , (एजेंसी) दिल्ली दुग्ध योजना (डीएमएस) की शनिवार से दूध की आपूर्ति नहीं हो पाएगी। दूध में मिलावट पाए जाने के बाद भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (FSSAI) की क्षेत्रीय इकाई ने दिल्ली दुग्ध योजना का लाइसेंस रद्द कर दिया है। बताया जा रहा है कि डीएमएस दूध में कास्टिक साडा पाया गया है। इस मामले में शुक्रवार को आदेश जारी हुआ जिसमें कहा गया है कि डीएमएस किसी भी प्रकार से दूध का उत्पादन नहीं करेगा और ना ही इसकी बिक्री करेगा।**

दरअसल, दो महीने पहले दिल्ली स्थित डीएमएस के शादीपुर प्लांट में कास्टिक सोडा पाया गया था। इसके बाद भी दूध की सप्लाई राजधानी में संचालित 400 बूथों और 800 दुकानों पर हो चुकी थी। डीएमएस ने अपनी गलती मानी और इस गलती को स्वीकार करते सभी आधा लीटर दूध के पैकेट को वापस लेने का लिखित आदेश जारी कर दिया था। उन्होंने कहा था कि सभी बूथ संचालक दूध के सभी पैकेट जमा करके वापस डीएमएस को लौटा दे। ये दूध पीने योग्य नहीं है, क्योंकि दूध पैकेट 20 जुलाई को तैयार किए गए थे और इन्हें 22 जुलाई तक इस्तेमाल किया जा सकता था।

खेल

# पाकिस्तान को विश्व कप में आठवीं बार हराने उतरेगा भारत

**अहमदाबाद। भारत और पाकिस्तान के बीच शनिवार को विश्व कप 2023 का 12वां मैच खेला जाएगा। विश्व कप का यह महामुकाबला अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जाएगा। इसकी शुरुआत दोपहर दो बजे से होगी, जबकि इससे आधे घंटे पहले यानी दोपहर डेढ़ बजे टॉस होगा। इस मैच को लेकर आईसीसी ने काफी तैयारियां की हैं और मुकाबले से पहले रंगारंग कार्यक्रम भी रखा है। इस कार्यक्रम में अरिजीत सिंह, सुखविंदर सिंह और शंकर महादेवन अपनी आवाज का जादू बिखेरेंगे।**

इस मैच को लेकर फैंस के बीच काफी उत्सुकता है और वह काफी बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। मैच के लिए सभी टिकट बिक चुके हैं, साथ ही अहमदाबाद के किसी होटल में भी जगह नहीं बची है। दो महीने के अंदर




भारत और पाकिस्तान के बीच यह तीसरा मुकाबला होगा। इससे पहले दोनों टीमें पिछले महीने हुए एशिया कप में भिड़ी थीं। दो सितंबर को पल्लेकल में दोनों टीमों के बीच एशिया कप के ग्रुप राउंड का मुकाबला बेनतीजा रहा था। वहीं, 10 सितंबर को भारत और पाकिस्तान की टीमें सुपर-फोर में आमने-सामने आई थीं। उस मुकाबले को भारत ने 228 रन से जीता था। अब यह तीसरा मुकाबला होगा।

हालांकि, परिस्थितियां बिल्कुल अलग होंगी। विश्व कप में अलग तरह का दबाव होगा। भारत पर जहां घरेलू मैदान पर अच्छे प्रदर्शन का दबाव होगा, वहीं पाकिस्तान पर भारत के एक लाख से भी ज्यादा दर्शकों के शोर के बीच खुद को साबित करने का दबाव होगा। इस मैच में टीम इंडिया का पलड़ा भारी होगा, क्योंकि वनडे विश्व कप में भारत पाकिस्तान को लगातार सात बार हरा चुका है। टीम इंडिया आठवीं बार जीत हासिल करने उतरेगी।

दोनों टीमें विश्व कप में 1992 से एक-दूसरे से भिड़ रही हैं। 1992 में भारतीय टीम ने 43 रन से, 1996 विश्व कप में 39 रन से, 1999 विश्व कप में 47 रन से, 2003 विश्व कप में छह विकेट से, 2011 विश्व कप में 29 रन से, 2015 विश्व कप में 76 रन से और 2019 विश्व कप में 89 रन से जीत हासिल की थी। अब तक वनडे में दोनों टीमें कुल 134 बार आमने-सामने आ चुकी हैं। इसमें से भारत ने 56 मैचों में और पाकिस्तान ने 73 मैचों में जीत हासिल की है। पांच मुकाबलों का कोई नतीजा नहीं निकला। भारतीय जमीन पर दोनों टीमों के बीच कुल 30 वनडे खेले गए हैं। इसमें से भारत ने 11 और पाकिस्तान ने 19 मुकाबले जीते हैं। आईसीसी के वनडे टूर्नामेंट्स यानी विश्व कप और चैंपियंस ट्रॉफी में दोनों टीमों के रिकॉर्ड की बात की जाए तो कुल 12 मैच खेले गए हैं। इसमें से भारत ने नौ और पाकिस्तान ने तीन मुकाबले जीते हैं।

सिनेमा

## 'सैम बहादुर' बनकर छाए विक्की कौशल, 1 दिसंबर को होगी रणबीर कपूर से टक्कर



विक्की कौशल की फिल्म 'सैम बहादुर' का टीजर रिलीज हो गया है. भारत के पहले फील्ड मार्शल सैम मानेकशॉ के रोल में विक्की दमदार लगे हैं. लुक, एक्सप्रेशन, फौजी एटीट्यूड से लेकर डायलॉग डिलीवरी तक, सैम मानेकशॉ के किरदार में खुद को ढालने के लिए विक्की की मेहनत टीजर में साफ झलकती है. मेकर्स ने फिल्म सैम बहादुर का टीजर रिलीज कर फैंस को ट्रीट दी है. मालूम हो, सैम मानेकशॉ ने 1971 में भारत-पाकिस्तान युद्ध में अहम रोल निभाया था. उनकी बदौलत भारत ये जंग जीता था. इस बायोपिक को मेघना गुलजार ने डायरेक्ट किया है. मूवी में विक्की के अलावा फातिमा सना शेख, नीरज काबी, सान्या मल्होत्रा, जीशान आयूब अहम रोल में नजर आएंगे. फिल्म 1 दिसंबर को थियेटर्स में रिलीज होगी. विक्की और मेघना ने इससे पहले फिल्म राजी में साथ काम किया था. सैम मानेकशॉ के लुक में विक्की की जितनी तारीफ की जाए कम है. जब फिल्म का पहला पोस्टर रिवील किया गया था, तभी से एक्टर के लुक को लेकर हाईप बना हुआ है. मूवी में सान्या विक्की की पत्नी के रोल में दिखेंगी. वो सिल्लो का किरदार निभा रही हैं. वहीं फातिमा सना शेख पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी का रोल प्ले करेंगी.

Highlights

1. 2nd flight carrying 235 Indians from Israel lands at Delhi airport
2. 2nd flight carrying 235 Indians from Israel lands at Delhi airp
3. ₹42 crore found under bed at Bengaluru ex-corporator's house, pic surfaces ort
4. Husband hugs wife to calm her after fight on railway track, both run over by train in UP
5. Ferry service from TN's Nagapattinam to Sri Lanka flagged off
6. My family was worried: Indian national after returning from Israel

# Biggest deal in gaming history: Microsoft buys Activision Blizzard for $69 billion

**NEW DELHI, (Agency).** Xbox maker Microsoft closed its $69 billion deal for Activision Blizzard on Friday, swelling its heft in the video-gaming market with best-selling titles including "Call of Duty" to better compete with industry leader Sony.

Britain finally cleared Microsoft's acquisition of Activision earlier in the day after it forced the Xbox owner to sell the steaming rights to address its competition concerns.

We're now on WhatsApp. Click to join.

The deal was blocked in April by the Competition and Markets Authority (CMA) which said it could give the U.S. computing giant a stranglehold over the nascent cloud gaming market.

But the regulator ripped up its play book by reopening the case after Microsoft agreed to sell the streaming rights to Activision's games to Ubisoft Entertainment, with remedies to ensure the terms were enforceable.

The deal was the biggest test of the CMA's global power to take on the tech giants since Britain left the European Union.

It said "sticking to its guns" in the face of criticism from the merging companies had delivered an outcome that was




better for competition, consumers and economic growth.

The CMA said Microsoft's concession on streaming was a "gamechanger", adding that it was the only competition agency globally to have delivered this outcome.

"The new deal will stop Microsoft from locking up competition in cloud gaming as this market takes off, preserving competitive prices and services for UK cloud gaming customers," it said in a statement.

Microsoft announced the deal in early 2022, aiming to boost its growth in console, mobile, PC, and cloud gaming to compete with the likes of Tencent as well as PlayStation-owner Sony.

The U.S. Federal Trade Commission opposed the deal but after failing to stop it, the CMA was left standing alone.

The FTC is fighting on, but Microsoft has said it will not stop it closing the deal.

The European Commision gave the green light in May when it accepted Microsoft's commitments to license Activision's games like "Overwatch" and "World of Warcraft" to other platforms.

# 'Only one constant ': Oyo founder Ritesh Agarwal announces wife Geetansha's pregnancy in heart-warming post

**NEW DELHI, (Agency).** Ritesh Agarwal, the founder of Oyo Rooms, has announced the pregnancy of his wife, Geetansha Sood. In a heart-warming post, the billionaire wrote that his wife was "by my side through it all."



"I met Geet eleven years ago, when I was just a teenager chasing dreams, trying to convince my family that I wanted to build my own company from scratch. There was only one constant who was by my side through it all, and it was her. The highs of happiness and milestones, the lows of pain and loss, we've been through so much together," he wrote in a post on X.

Agarwal and Geetansha got married in March this year.

"This year, we got married, which was one of the happiest moments of my life. And my family and I navigated through various highs and lows. Now, as Geet and I reflect on (and process) our transition from being children, to teenagers, to partners, to parents, I couldn't be more excited. Our coming of age may have come and gone but I'm glad I got to share it all with you. It's time to share parenthood," he added.

"PS: Feel free to share your best recommendations for nappies, strollers, and toys with us. And if you happen to be a startup with something innovative, even better. Seriously, I'm in the market for some dad-level wisdom here," he quipped.

Confidential Investigation & all type of Detective services
Successful Journey
Since 2002...

प्रतिस्पर्धा का समय है।
स्वार्थियों, घर के भेदियों से भर गया है समाज।
सावधान रहना है सब से।
निगाह रखनी है लोगो पर, घटनाओं पर, वातावरण पर
कहीं ऐसा तो नहीं...
कोई साँप आस्तीन में छुपा हो?
फूलों की सेज पर कुछ काँटे हों?
व्यक्तिगत/व्यापारिक जीवन में कोई छिद्र हो?
इस प्रकार की सभी व्यक्तिगत, व्यापारिक, राजनैतिक, कानूनी,
सभी प्रकार के इन्वेस्टीगेशन कार्य... सबूत/प्रमाण हेतु
मदद के लिये तैयार... कभी भी.... कहीं भी...

कब..क्यों..कहाँ..कितना..कैसे...!
DETECTIVE GROUP®
पूर्ण गोपनीयता...पूर्ण विश्वसनीयता
www.detectivegroup.in

+91-9111050101
+91-9111050101
+91-9111050101

" संपूर्ण विश्व हमारी सीमा में हैं "

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं 406- इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित।
■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535 ■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ प्रबंध संपादक - महेन्द्र आर.पालीवाल, ■ समूह PRO - एल.एन. उग्र ■ फोन : 0731-2433667 ■*पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार।